वर्ष- 3 , अंक- 121
छपरा
31 मार्च मंगलवार
2026
पृष्ठ - 04

दैनिक
# खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा शब्बीर अहमद लोन दिल्ली में अरेस्ट

### दिल्ली, तमिलनाडु में आतंकी मॉड्यूल तैयार कर रहा था; 2007 में भी गिरफ्तार हो चुका था




**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली में सुरक्षा एजेंसियों ने सोमवार को लश्कर-ए-तैयबा (Let) से जुड़े शब्बीर अहमद लोन को दिल्ली बॉर्डर से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में सामने आया है कि वह बांग्लादेश से भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहा था।

पुलिस के मुताबिक, वह दिल्ली, कोलकाता और तमिलनाडु में आतंकी गतिविधियों के लिए युवाओं की भर्ती करने की तैयारी में था। यह पूरा नेटवर्क पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर संचालित कर रहा था। लोन को इससे पहले 2007 में दिल्ली पुलिस ने आतंकवाद के आरोपों में गिरफ्तार किया था। 2019 में जमानत मिलने के बाद वह बांग्लादेश भाग गया था।

**4 दिन पहले कश्मीर में लोन के 10 ठिकानों पर छापेमारी :** काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (CIK) ने 26 मार्च को शब्बीर के आतंकी मॉड्यूल की जांच के लिए कश्मीर के तीन जिलों, गांदरबल, शोपियां और श्रीनगर के 10 ठिकानों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया था। CIK के मुताबिक, इस मामले के तार एक ट्रांजैक्शनल नेटवर्क से जुड़े पाए गए हैं, जिसमें मॉड्यूल को बांग्लादेश और पाकिस्तान में बैठे लश्कर-ए-तैयबा के हैंडलर्स से निर्देश मिल रहे थे। सुरक्षा एजेंसियां 2 महीनों से शब्बीर की गतिविधियों पर नजर रखे थीं।

### चंडीगढ़- हरियाणा नर्सिंग कॉलेज चेयरमैन पर हाईकोर्ट में खुलासे

## 8 छात्राओं ने कहा : कमर से चादर हटाई, बाथरूम में फंसा ब्रा स्ट्रैप खींची, तीर मारा


AI जनरेटेड

**चंडीगढ़,एजेंसी।** हरियाणा के हिसार स्थित एक प्राइवेट नर्सिंग कॉलेज के चेयरमैन को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। चेयरमैन जगदीश गोस्वामी पर छात्राओं के यौन उत्पीड़न और SC/ST एक्ट जैसी धाराओं के तहत स्नढ्ढक्रहुई थी। गोस्वामी करीब 3 महीने जेल में रहा। गोस्वामी पर उस वक्त 8 लड़कियों ने आरोप लगाए थे।इस मामले में अब कोर्ट का ऑर्डर आने के बाद छात्राओं के लगाए आरोप सामने आए हैं। जिसमें छात्राओं ने कहा- जबरन बाथरूम में फंसाकर उनकी ब्रा स्ट्रैप खींचने की कोशिश की। हॉस्टल में आकर पैर दबाने को कहा। सोते वक्त गुपचुप ढंग से चादर हटा दी। ऐसे ही कई गंभीर आरोप छात्राओं ने लगाए।हालांकि इस मामले में गोस्वामी के वकील ने कहा था कि कई छात्राओं ने एफिडेविट दिया कि सब गलतफहमी में हुआ है। जो अब सुलझ गया है। वहीं कोर्ट ने कहा कि आरोपी पर पहले कोई केस नहीं है। ट्रायल में ही आरोपों की सच्चाई पता चलेगी। जिसमें समय लगेगा। इसलिए उसे जमानत दी जाती है।

27 मार्च को जमानत के बाद अब इसकी केस की कॉपी से छात्राओं के बयान सामने आए हैं।

### ममता बोलीं- बीजेपी कैश-गैस बंद कर देगी

# केरल में राहुल बोले- मोदी ट्रम्प के दवाब में, इसी तरह पिनाराई पर पीएम का दबाव

**कोलकाता/गुवाहाटी/चेन्नई/तिरुवनंतपुरम/पुडुचेरी,एजेंसी।** देश के 5 राज्यों में अप्रैल में चुनाव हैं। सभी राज्यों में पार्टियों की जनसभा, रैली और प्रत्याशियों का जनसंपर्क जारी है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने बेल्दा में चुनावी सभा में कहा- भाजपा समाज के सभी वर्गों के बीच झगड़ा भड़का रही है। चुनाव के बाद गैस और कैश देना बंद कर देगी। भाजपा देश लूटना चाहती है।

इधर, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी आज केरल दौरे पर हैं। उन्होंने पतनमतिट्टा में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा- सच तो यह है कि नरेंद्र मोदी, डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में हैं, यह बात हर कोई जानता है। ठीक इसी तरह, नरेंद्र मोदी आपके मुख्यमंत्री को भी अपने इशारों पर नचाते हैं।

**भाजपा प्रतिनिधित्व मंडल चुनाव आयोग से मिला, टीएमसी की शिकायत की :** केंद्रीय मंत्री



किरन रिजिजू ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की पार्टी ञ्जरूष्ट ने चुनाव को हाईजैक कर लिया है। लोगों को डरा-धमका कर लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रभावित किया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू ने कहा कि उन्होंने चुनाव आयोग से शिकायत की है। चुनाव आयोग ने उनकी एक-एक बात सुनी।

उन्होंने कहा कि हमने आयोग को बताया कि खुद मुख्यमंत्री घर-घर जाकर वोटरों को धमका रही हैं कि जो



बीजेपी को वोट देगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। राज्य का पूरा प्रशासनिक ढांचा, वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर निचले स्तर तक, TMC के कैडर की तरह काम कर रहा है।

रिजिजू ने कहा कि उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की है कि चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष और स्वतंत्र तरीके से कराए जाएं और पिछली तीन चुनावों की तरह जबरदस्ती के तरीके दोहराए न जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा चुनाव में जनता TMC के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज करा रही है। साथ ही, चुनाव आयोग ने सकारात्मक जवाब दिया है और भरोसा दिलाया है कि निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

### तमिलनाडु के सीएम ने कहा- डीएमके का घोषणा पत्र गेम चेंजर होगा

तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने सोमवार को कहा कि DMK का घोषणापत्र तमिलनाडु के लिए एक गेम-चेंजर होगा। विकास और कल्याण साथ-साथ चलते हैं, यह साबित करते हुए कि आप बुनियादी ढांचे का निर्माण कर सकते हैं, अर्थव्यवस्था को बढ़ा सकते हैं और लोगों को एक साथ ऊपर उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि वन-साइज-फिट्स-ऑल से आगे बढ़कर विकल्प-आधारित शासन की ओर कदम बढ़ाया जा रहा है। लोग खुद तय करते हैं कि उनके लिए क्या बेहतर है।

### इनसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्टसी कोड से बैंकिंग क्षेत्र में सुधार आया

## सीतारमण बोलीं- नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स की वसूली पर भी असर, रुपया गिरने पर लोकसभा में हंगामा



**नई दिल्ली,एजेंसी।** वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि इनसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्टसी कोड (IBC) देश के बैंकिंग क्षेत्र की स्थिति में सुधार लाने में प्रमुख और अत्यंत महत्वपूर्ण फैक्टर रही है, जिसमें नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स की वसूली भी शामिल है। लोकसभा में IBC में संशोधन करने वाले विधेयक को पेश करते हुए मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि इनसॉल्वेंसी रिजोल्यूशन प्रोसेस से बाहर आने के बाद कंपनियों का प्रदर्शन अच्छा रहा है और उनकी कॉर्पोरेट गवर्नेंस प्रैक्सिट में भी सुधार हुआ है। इधर डॉलर के मुकाबले रुपए के गिरते वैल्यू को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया। इसपर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारतीय रुपया अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत है। हमारा फिस्कल डेफिसिट कंट्रोल में है। विदेशी मुद्रा भंडार भी मजबूत है। उन्होंने कहा विपक्ष का देश की कृषि और लोगों की मेहनत को कमतर दिखाना सही नहीं है। जरूरी है कि हम लोगों की मेहनत के साथ खड़े रहें। देश और जनता की मेहनत को कमजोर बताना गलत सोच है। वहीं, यूपी के आजमगढ़ से समाजवादी पार्टी सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा कि पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बात सुनता है, लेकिन रुपए की वैल्यू में लगातार गिरावट से उनकी लोकप्रियता घट रही है। इस पर निर्मला सीतारमण ने कहा कि दो महीने पहले हुए एक ग्लोबल सर्वे में प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता दुनिया के सभी नेताओं से ज्यादा रही। विपक्ष के हंगामे के बीच उन्होंने कहा कि जब जवाब दिया जा रहा हो, तो उसे सुनना चाहिए।

## आंध्र प्रदेश- नेवी कर्मचारी ने प्रेमिका के तीन टुकड़े किए

### सिर जलाया, एक हिस्सा बेड के नीचे, दूसरा फ्रिज में रखा ; थाने पहुंचकर अपराध कबूला



**विशाखापत्तनम,एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में एक शादीशुदा नेवी कर्मचारी ने अपनी प्रेमिका की हत्या कर दी। आरोपी ने शव के 3 टुकड़े किए। एक हिस्सा फ्रिज में छिपा दिया, दूसरा बोरे में भरकर बेड के नीचे रख दिया और तीसरा यानी सिर को सुनसान इलाके में ले जाकर जला दिया। वारदात के समय पत्नी मायके गई थी। पुलिस के मुताबिक आरोपी चिंतादा रविंद्र (35) नेवी कर्मचारी हैं। वह INS डेगा में तैनात है। रविंद्र ने रविवार दोपहर अपनी 29 साल की प्रेमिका मोनिका को घर बुलाया था। शाम के समय दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद उसने हत्या कर दी।

हत्या के बाद आरोपी ने खुद थाने पहुंचकर अपराध कबूल कर लिया। पुलिस के जांच में सामने आया कि रविंद्र ने मोनिका की चाकू से हत्या की।

### हत्या के बाद खुद पुलिस स्टेशन पहुंचा

घटना के बाद आरोपी खुद पुलिस स्टेशन पहुंचा और अपराध कबूल कर लिया। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो घर और फ्रिज से शव के टुकड़े बरामद हुए। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और शव के बाकी हिस्सों की तलाश के लिए विशेष टीम बनाई गई है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

**दोनों 5 साल से डेट कर रहे थे :** रविंद्र और मोनिका की मुलाकात 2021 में एक डेटिंग ऐप के जरिए हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच संबंध बने। वे विशाखापट्टनम में अलग-अलग जगहों पर मिलते थे। पुलिस के मुताबिक रविंद्र का दावा है कि मोनिका ने उससे 3.5 लाख रुपए लिए थे। वह अक्सर रिश्ते का खुलासा करने की धमकी देती थी। वारदात के वक्त रविंद्र की पत्नी कुछ दिन पहले विजयनगरम स्थित अपने मायके गई हुई थी। इसी दौरान उसने मोनिका को घर बुलाया था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। रविंद्र हत्या के इरादे से चाकू खरीदने दुकान में गया था, जब वहां चाकू नहीं मिला तो ऑनलाइन मंगाया।

## पेट्रोल पंप पर केरोसिन भी मिलेगा, केंद्र का फैसला

### हर जिले में 2 पंपों पर सुविधा होगी, तेल कंपनियां 5 हजार लीटर स्टॉक रख सकेंगी



AI जनरेटेड

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्र सरकार ने रविवार को फैसला लिया है कि अब राशन की दुकानों के साथ-साथ पेट्रोल पंप पर भी केरोसिन मिल सकेगा। अब सरकारी तेल कंपनियां तय किए गए पेट्रोल पंपों से भी केरोसिन रख और बांट सकेंगी।

हर जिले में राज्य सरकार या केंद्रशासित प्रदेश प्रशासन अधिकतम 2 पेट्रोल पंप चुनेंगे, जहां यह सुविधा दी जाएगी। इन पेट्रोल पंपों पर अधिकतम 5 हजार लीटर तक केरोसिन रखा जा सकेगा।

सरकार ने सप्लाई आसान बनाने के लिए 60 दिनों के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) के नियमों में ढील दी है, ताकि जरूरतमंद परिवारों तक तेल समय पर पहुंच सके।

सरकार ने ये फैसला अमेरिका-इजराइल के ईरान संघर्ष के कारण लिया गया है। मिडिल ईस्ट में जारी जंग के कारण भारत में गैस, पेट्रोल-डीजल की कमी है। केंद्र सरकार लगातार मौजूदा हालात पर चिंता जता रही है।

### ट्रम्प बोले: ईरान के तेल पर कब्जा मेरी पसंदीदा चीज

# खार्ग द्वीप भी ले सकता हूं;समझौता नहीं हुआ तो ईरान ही नहीं बचेगा

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी,एजेंसी।** ट्रम्प ने कहा है कि वह ईरान का तेल अपने कंट्रोल में लेना चाहते हैं। रविवार को फाइनेंशियल टाइम्स को दिए इंटरव्यू में उन्होंने यह बयान दिया।

ट्रम्प ने कहा, 'सच कहूं तो मेरी पसंदीदा चीज है ईरान का तेल लेना। इसपर कब्जे के लिए अमेरिका के पास कई विकल्प हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'अमेरिका में कुछ लोग कहते हैं आप ऐसा क्यों कर रहे हैं?' लेकिन वे बेवकूफ हैं।'उन्होंने खार्ग द्वीप का जिक्र करते हुए कहा, 'हो सकता है हम खार्ग द्वीप ले लें, हो सकता है नहीं।' ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि इस द्वीप पर ईरान की रक्षा ज्यादा



मजबूत नहीं है और अमेरिका इसे आसानी से अपने कब्जे में ले सकता है।खार्ग द्वीप फारस की खाड़ी के उत्तरी हिस्से में स्थित है। यह ईरान का अहम तेल केंद्र है। यहां से ईरान का करीब 90 प्रतिशत तेल निर्यात होता है।ट्रम्प ने यह भी कहा है कि ईरान के साथ युद्ध खत्म करने के लिए जल्द समझौता हो सकता है। हालांकि उन्होंने चेतावनी दी कि अगर तेहरान ने अमेरिका का प्रस्ताव नहीं माना, तो उनके पास देश ही नहीं बचेगा।

### ईरान का अमेरिका से सीधी बातचीत से इनकार:

ईरान ने अमेरिका के साथ किसी भी तरह की सीधी बातचीत से इनकार किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि अब तक दोनों देशों के बीच सिर्फ मध्यस्थों के जरिए संदेशों का आदान-प्रदान हुआ है।

उन्होंने बताया कि अमेरिका ने बातचीत की इच्छा जताई है, लेकिन उसकी ओर से भेजी गई शर्तें अतार्किक हैं। बघाई ने कहा कि ईरान का रुख शुरू से स्पष्ट रहा है, जबकि अमेरिका बार-बार अपनी स्थिति बदल रहा है।ईरान ने यह भी कहा कि उसे पूरी तरह पता है कि वह किस ढांचे में बातचीत पर विचार करेगा। प्रवक्ता ने अमेरिकी कूटनीति पर तंज करते हुए कहा कि वहां खुद लोग उसके दावों को कितनी गंभीरता से लेते हैं।पाकिस्तान में हुई बैठकों पर प्रतिक्रिया देते हुए ईरान ने कहा कि ये उनकी अपनी पहल है और तेहरान इसमें शामिल नहीं हुआ।

### नीतीश का एमएलसी पद से इस्तीफा, मंत्री अशोक चौधरी रोए

## तेजस्वी बोले : भाजपा ने दबाव में इस्तीफा दिलवाया ; नितिन नवीन ने भी विधायक पद से रिजाइन किया

**पटना,एजेंसी।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने सोमवार को बिहार विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उनका इस्तीफा विजय चौधरी और MLC संजय गांधी लेकर विधान परिषद पहुंचे।मंत्री विजय चौधरी ने कहा, 'मुख्यमंत्री जी राज्यसभा के सदस्य निर्वाचित हो चुके हैं। ये तो संवैधानिक प्रक्रिया है। आज उन्हें इस्तीफा देना था। उनका त्यागपत्र स्नष्ट संजय गांधी ने विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह सौंप दिया है।'नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद मंत्री अशोक चौधरी भावुक नजर आए। वो फफक कर रोते दिखे। वहीं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा,



'बीजेपी ने मुख्यमंत्री से दबाव में इस्तीफा दिलवाया है।'इधर, BJP के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का इस्तीफा बिहार BJP के अध्यक्ष संजय सरावगी ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार को सौंप दिया है। नितिन नवीन ने कल असम जाने से पहले अपना इस्तीफा प्रदेश अध्यक्ष को सौंपा था।

# जनगणना 2026: पहले चरण के लिए 33 सवाल तय:ऑनलाइन पोर्टल पर भी जानकारी दे सकेंगे

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्र सरकार ने 2026 की जनगणना के पहले चरण के लिए 33 सवाल जारी किए हैं, जो 1 अप्रैल 2026 से शुरू हो रहा है। इसमें कहा गया है कि स्थिर रिश्ते में रहने वाले लाइव-इन कपल्स को भी शादीशुदा माना जाएगा। ऐसा तब ही होगा जब कपल मानेगा की उनका रिश्ता लंबा चलने वाला है।

पहले चरण के लिए ऑनलाइन पोर्टल भी शुरू किया गया है, जहां लोग खुद अपनी जानकारी भर सकेंगे। उनकी मदद के लिए इस पोर्टल पर स्नक्त (अक्सर पूछे जाने वाले सवाल) भी दिए गए हैं।

यह चरण 'हाउस लिस्टिंग और

### लिव-इन कपल को शादीशुदा का दर्जा मिलेगा




हाउसिंग जनगणना' कहलाता है। इसका मकसद देश में घरों और बुनियादी सुविधाओं की जानकारी जुटाना है, ताकि सरकार बेहतर योजनाएं बना सके। दूसरे चरण में आबादी से जुड़ी डिटेल जानकारी ली जाएगी।**पहला फेज 1 अप्रैल 2026 से :** केंद्रीय गृह मंत्रालय (MHA) ने 8 जनवरी को बताया था कि देश में होने वाली जनगणना 2027 का पहला फेज 1 अप्रैल से 30 सितंबर के बीच किया जाएगा। हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अपने यहां 30 दिनों में यह काम पूरा करेंगे।

सरकार ने यह भी कहा कि घरों की लिस्टिंग शुरू होने से 15 दिन पहले लोगों को खुद से जानकारी भरने (सेल्फ एन्यूमरेशन) का विकल्प भी दिया जाएगा। दरअसल जनगणना 2021 में होनी थी, लेकिन कोरोना महामारी की वजह से इसे टाल दिया गया था, जो अब 2027 में पूरी होगी।

### जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी

सरकार ने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी। करीब 30 लाख कर्मचारी मोबाइल एप के जरिए जानकारी जुटाएंगे। मोबाइल एप, पोर्टल और रियल टाइम डेटा ट्रांसफर से जनगणना बहुत हद तक पेपरलेस होगी। ये ऐप Android और iOS दोनों पर काम करेंगे। जाति से जुड़ा डेटा भी डिजिटल तरीके से इकट्ठा किया जाएगा। आजादी के बाद पहली बार जनगणना में जाति की गिनती शामिल होगी। इससे पहले अंग्रेजों के समय 1931 तक जाति आधारित जनगणना हुई थी। यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट कमेटी ने अप्रैल में लिया था। 2011 की पिछली जनगणना के अनुसार, भारत की आबादी करीब 121 करोड़ थी, जिसमें लगभग 51.5% पुरुष और 48.5% महिलाएं थीं।

## पिस्तौल दिखाकर कैशपॉर माइक्रो क्रेडिट कंपनी के कर्मियों से 4 लाख 30 हजार रूपये का लूट

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के जहांगीरपुर रेलवे ढाला 2 नजदीक कैशपॉर माइक्रो क्रेडिट कंपनी शाखा जहाँगीरपुर के कर्मियों ने सोमवार के 3.10 मिनट पर शाखा से चार लोग 2 मोटरसाईकिल से बैंक ऑफ़ बड़ोदा गोला बाजार सोनपुर में पैसा जमा करने जा रहे थे .इसी दौरान रेलवे ढाला बंद होने के दौरान एक मोटरसाइकिल पर तीन सवार लुटेरों ने पिस्तौल के भय दिखाकर 4 लाख 30 हजार रूपये लूट कर फरार हो गए। इस घटना की जानकारी सोनपुर पुलिस को मिलते ही सोनपुर थाना प्रभारी नीलिमा कुमारी अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की तहकीकात की। कंपनी में कार्यरत ब्रांच मैनेजर पूनम कुमारी, ममता कुमारी,राजीव कुमार, प्रीति कुमारी से इस घटना की पूरी जानकारी पुलिस ने ली। सोनपुर पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में जुट गए। इस संबंध में ब्रांच मैनेजर पूनम कुमारी ने बताई की वह अपने कर्मियों के साथ दो मोटरसाइकिल पर 4 कर्मी जिसमे तीन महिला पूनम कुमारी, ममता कुमारी, प्रीति कुमारी व एक पुरुष कर्मी राजीव कुमार जो बैंक ऑफ़ बड़ौदा में पैसा जमा करने 4 लाख 30 हजार रूपये बैग व पौकेट में रख कर जा रही थी। इसी बीच जहाँगीरपुर रेलवे ढाला के उतरी छोड़ पर राजीव व प्रीति एक मोटरसाइकिल पर उस पार पहुंच गयी इसी बीच रेलवे ढाला बंद हों गया जहाँ ब्रांच मनेजर पुनम कुमारी व ममता कुमार इस पार ही रह गयी। पहले से घात लगाए एक मोटरसाईकिल पर 3 सवार लुटेरे ने पिस्टल के भय दिखाते हुए दो बदमाशो ने राजीव कुमार व प्रीति कुमारी से बैग एवं पॉकेट में रखे 4 लाख 30 हजार रूपये लेकर फरार हो गया है। जब तक पुनम व ममता उस घटना स्थल पर पहुँचती तब तक बदमाशो ने रूपये लेकर भागने में सफल रहा . वहीं आसपास के लोगों ने बताया कि यह घटना कैशपॉर माइक्रो क्रेडिट शाखा में यह तीसरी घटना है। इस कार्यालय में घटना के बाद सबसे बड़ी लापरवाही देखी गई कि कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरा बंद थे। वहीं पुलिस राजीव कुमार एवं प्रीति कुमारी की साथ लेकर आसपास के लगे सीसीटीवी फुटेज के खंगालते हुए लुटेरों को पहचान करने के लिए अपने साथ ले गयी है। इस संबंध में सोनपुर अपर थानाध्यक्ष नीलीमा कुमारी ने बताई की कार्यालय कर्मियों द्वारा अभी आवेदन नहीं मिला है. घटना की सारी बिंदुओं पर तहकीकात की जा रही है साथ ही आसपास के लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाले जा रहे हैं एवं लुटेरों को चिन्हित किया जा रहा है.

## कोर्ट के आदेश के बाद बर्खास्त शिक्षक ने पुन : मूल विद्यालय में किया योगदान

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** अमनौर प्रखण्ड के राय साहेब मध्य विद्यालय पैगा के शिक्षक व तकेया निवासी अरविंद कुमार को प्रखण्ड शिक्षक, कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी अमनौर के आदेश ज्ञापंक 1350 दिनांक-17.8.22 के द्वारा रविन्द्र प्रसाद राय पिता सरयूग राय दोंनो नाम एक ही व्यक्ति के होने के कारण उन्हे सेवा से बर्खास्त कर दिया था। इस आदेश के विरूद्ध अरविंद कुमार ने उच्च न्यायालय पटना में एक मामला दायर किया था जिस पर सुनवाई के दौरान नंबर 24 में आठ माह का समय देते हुए जिला शिक्षा अपीलीय प्राधिकार सारण को इस निर्णय का आदेश पारित किया।जिला शिक्षा अपीलीय प्राधिकार के पीठासीन पदाधिकारी ने अपने सुनवाई के पश्चात प्रखण्ड पंचायत राज अमनौर के आदेश 1350 दिनांक-17-8-22 को रद्द करते हुए पुन~ शिक्षक के पद पर अपने मूल विद्यालय में प्रखण्ड शिक्षक के रूप में ज्ञापंक-05 दिनांक-16-1-26 के आलोक में प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी अमनौर ने ज्ञापंक-563 दिनांक-30-3-26 को पुन~ पदस्थापित कर योगदान हेतु निर्गत कर दिया गया। पत्र प्राप्त होते ही अरविंद कुमार ने अपने मूल विद्यालय राय साहेब मध्य विद्यालय पैगा में योगदान कर लिया।

## छपरा मशरक एस एच 90 पर हनुमानगंज में अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन घायल ,एक की मौत

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक छपरा एस एच 90 पर मशरक के हनुमानगंज गांव के सीमा पर इसुआपुर थाना क्षेत्र के चहपुरा काली स्थान के पास अनियंत्रित अज्ञात की टक्कर से तीन युवक घायल हो गए। एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घायल मशरक के हनुमानगंज गांव निवासी मो सेनुलाह का 18 वर्षीय पुत्र अरबाज हुसैन, मो. हलीम साई का 18 वर्षीय पुत्र मो समीर और इसुआपुर थाना के उचितपुर गांव निवासी ओम प्रकाश चौरसिया का 24 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार और मृतक सचिन कुमार हैं। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ एस के विधार्थी ने तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। चिकित्सक ने बताया कि तीनो घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। मौके पर पहुंची थाना पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजने की प्रक्रिया की जा रही थी। स्थानीय लोगों ने बताया अज्ञात तेज रफ्तार की वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि तीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराए गए। हालांकि टक्कर किस वाहन से हुई यह स्पष्ट पता नहीं चल पाया, कोई ट्रक तो कोई स्कारपियो से बता रहा था। वहीं घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने छपरा मशरक मुख्य पथ को जाम कर दिया। मौके पर पहुंची मशरक और इसुआपुर थाना पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

## प्रवेश से प्रगति तक थीम पर प्रखंड के सभी विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों में शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रवेश से प्रगति तक~ विद्यालय और अभिभावक साथङ्कसाथ÷ थीम पर अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों और शिक्षकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर सत्र 2025ङ्क26 के छात्रों को उनके शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर प्रगति पत्रक एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर बच्चों में उत्साह का माहौल देखने को मिला, वहीं अभिभावकों में भी गर्व की भावना जागृत हुई। विशेष रूप से प्राथमिक विद्यालय एकावना एवं एनपीएस बहरौली शिवनगर टोला में आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अफताब आलम उपस्थित रहे। उन्होंने अभिभावकों से सीधे संवाद करते हुए बच्चों की पढ़ाई, नियमित उपस्थिति और अनुशासन पर विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि विद्यालय और अभिभावक यदि मिलकर प्रयास करें तो बच्चों का भविष्य और अधिक उज्ज्वल बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने अभिभावकों से सुझाव भी लिए, ताकि आगामी सत्र में शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जा सके। वहीं प्राथमिक विद्यालय एकावना में शिक्षक क्षितिज कुमार ने अपने विचार रखते हुए कहा कि बच्चों की नियमित उपस्थिति, अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी और निरंतर मार्गदर्शन ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे घर पर भी बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें और विद्यालय से निरंतर जुड़े रहें।

## मैट्रिक में रुद्र और प्रियंका का रहा शानदार प्रदर्शन

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा घोषित मैट्रिक परीक्षा परिणाम 2026 में प्रखंड क्षेत्र के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उच्च माध्यमिक विद्यालय भागवतपुर के छात्र रुद्र प्रताप सिंह ने 460 अंक प्राप्त कर पंचायत एवं प्रखंड का नाम रोशन किया है। वहीं उच्च माध्यमिक विद्यालय तरैया की छात्रा प्रियंका कुमारी ने 436 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। इन दोनों होनहार छात्र-छात्राओं की सफलता पर भागवतपुर पंचायत के मुखिया सह तरैया मुखिया संघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव ने उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर वीरेंद्र सिंह, सुमन पाठक, लाल बाबू राम समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के लिए गर्व की बात बताया।

# गंडक दियारा में अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, तीन भट्ठियां ध्वस्त, 6 हजार लीटर अर्धनिर्मित शराब नष्ट

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** सारण और गोपालगंज के सीमावर्ती गंडक नदी के दियारा क्षेत्रों में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ पुलिस ने एक बड़ी और सुनियोजित कार्रवाई करते हुए तस्करों को करारा झटका दिया है। सारण के वरीय एसपी विनीत कुमार एवं गोपालगंज के एसपी विनय तिवारी के निर्देश पर पानापुर थाना और बैकुंठपुर थाना की पुलिस ने संयुक्त रूप से सघन छापेमारी अभियान चलाया।पानापुर थानाध्यक्ष राजा कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गंडक नदी के दियारा क्षेत्रों में लंबे समय से अवैध शराब निर्माण और तस्करी की सूचनाएं मिल रही थीं। इसी के आधार पर दोनों जिलों की पुलिस ने रणनीति बनाकर संयुक्त अभियान चलाने का निर्णय लिया। अभियान के तहत पुलिस टीम नाव के सहारे नदी पार कर दुर्गम दियारा क्षेत्रों में पहुंची और कई संदिग्ध ठिकानों की घेराबंदी कर एक साथ छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके पर संचालित तीन अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा करीब 6 हजार लीटर अर्धनिर्मित शराब को नष्ट किया गया। साथ ही शराब निर्माण में प्रयुक्त ड्रम, बर्तन, पाइप सहित अन्य उपकरणों को भी मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया, ताकि दोबारा इस अवैध धंधे को संचालित न किया जा सके।कार्रवाई के दौरान पुलिस बल पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद रहा।दियारा क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए अभियान को अत्यंत सावधानी और समन्वय के साथ अंजाम दिया गया। हालांकि, छापेमारी की भनक लगते ही अवैध कारोबार में संलिप्त कई लोग मौके से फरार होने में सफल रहे, जिनकी पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। इस संयुक्त कार्रवाई से गंडक नदी के किनारे बसे दियारा क्षेत्रों में अवैध शराब कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है।स्थानीय स्तर पर भी इस कार्रवाई को लेकर चर्चा का माहौल है और आम लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की है।थानाध्यक्ष ने बताया कि बिहार में लागू पूर्ण शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। साथ ही, अवैध शराब निर्माण और तस्करी में संलिप्त लोगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आम लोगों से भी अपील की है कि वे इस तरह की अवैध गतिविधियों की सूचना प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।



## कन्या प्राथमिक विद्यालय गोबरही में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी प्रखंड के कन्या प्राथमिक विद्यालय गोबरही में सोमवार को बिहार सरकार के निर्देशानुसार अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी सह परीक्षा पत्रक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गान से हुई, जिससे माहौल उत्साहपूर्ण बन गया। इस अवसर पर अभिभावकों ने विद्यालय की कार्यप्रणाली की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान शिक्षक बी के भारतीय ने की, जबकि संचालन शिक्षिका कुमारी सैयद आशना एजाज ने किया। इस दौरान परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। संगोष्ठी ÷प्रवेश से प्रगति तक, विद्यालय और अभिभावक साथ-साथ÷ थीम पर आधारित रही, जिसमें बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, शत-प्रतिशत नामांकन और परीक्षा की तैयारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रधान शिक्षक ने अभिभावकों से बच्चों के समग्र विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की और मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बच्चों को दूर रखने पर जोर दिया। साथ ही बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और पोषण के लिए पोषण वाटिका के महत्व पर भी संवाद किया गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों और अभिभावकों के लिए विशेष भोज का आयोजन किया गया, जिसमें खीर, पूरी, सब्जी और सलाद परोसे गए। इसके पश्चात कक्षा पांच के विद्यार्थियों के लिए भावभीना विदाई समारोह आयोजित हुआ, जिसमें सभी छात्रों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षिका सीमा कुमारी और आशना एजाज द्वारा विदाई गीत प्रस्तुत किए जाने पर वातावरण भावुक हो गया। प्रधान शिक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि छात्र भले ही विद्यालय से विदा ले रहे हों, लेकिन वे हमेशा शिक्षकों और विद्यालय के दिल में बसे रहेंगे, और उन्हें आगे की पढ़ाई में मन लगाकर समाज व देश का नाम रोशन करना चाहिए।




## नगरा में ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम हुआ मोबाइल बरामद, स्वामी को लौटाया



**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत नगरा थाना पुलिस को एक और सफलता मिली है.इसुआपुर क्षेत्र के सत्येंद्र सिंह के पुत्र पंकज कुमार का गुम हुआ मोबाइल फोन पुलिस द्वारा खोजकर उसे वापस सौंप दिया गया.जानकारी के अनुसार नगरा थाना पुलिस के प्रयास से मोबाइल को ढूंढा गया, जिसे एसआई प्रमोद कुमार सिंह के द्वारा उसके वास्तविक स्वामी पंकज कुमार को सौंपा गया.मोबाइल वापस मिलने पर पंकज कुमार ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया.वहीं इस संबंध में नगरा थानाध्यक्ष निर्भय कुमार ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम या चोरी हुए मोबाइल फोन को ट्रेस कर उनके स्वामियों को लगातार उनके मालिकों को लौटाया जा रहा है.उन्होंने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा,जिससे लोगों का पुलिस पर भरोसा और मजबूत हो रहा है.

## प्रधानाध्यापक अनिल कुमार को सेवानिवृति पर दी गई भावभीनी विदाई

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखण्ड के मैकडोनाल्ड उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, देवरिया के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार के सेवानिवृत्ति के उपरांत सोमवार को विद्यालय परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का माहौल भावुकता और सम्मान से भरा रहा, जहां शिक्षकों एवं उपस्थित गणमान्य लोगों ने उनके योगदान को सराहा। समारोह में माध्यमिक शिक्षक संघ के सचिव विद्यासागर विद्यार्थी, जिला कार्य समिति के सदस्य अर्जुन युवराज, अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक नवल किशोर यादव, पूर्व जिला पार्षद हरेंद्र राय, प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार सिंह, शिक्षक सुभाष कुमार, अनिल राम, प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष समरेंद्र बहादुर सिंह, इसुआपुर प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव, तरैया प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, जिला पार्षद आशा गुप्ता, विजय यादव, रामजी रोशन, प्रधानाध्यापक सत्येंद्र सिंह, अवध किशोर यादव, तरैया मुखिया संघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव, संतोष भारती समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अध्यक्षता अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक परशुराम सिंह ने किया, जबकि मंच संचालन शिक्षक सुभाष कुमार ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने प्रधानाध्यापक अनिल कुमार के लंबे शैक्षणिक अनुभव, अनुशासनप्रियता एवं विद्यालय के विकास में उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका कार्यकाल विद्यालय के लिए प्रेरणादायक रहा है। सभी ने उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की।



## गांवों में कहीं लड़कियां तो कहीं लड़कों ने मैट्रिक परीक्षा में अपनी प्रतिभा का बजाया डंका

**योगियां हाईस्कूल में लड़कियों से आगे रहे लड़के**

**दैनिक खोज खबर/ रसूलपुर(एकमा)।** सारण जिले के ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने 400 से ऊपर अंक लेकर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है. कहीं लड़के तो कहीं लड़कियां आगे रहीं।म. परसागढ़ हाईस्कूल की शोभन छपरा गांव की सृष्टि 429,रामनंदन हाईस्कूल योगियां के मोहित कुमार यादव 436,विशाल कुमार यादव 430,वारिस राजा 420,आकाश कुमार 416,रितिक कुमार यादव 403, अभिषेक महतो 405 लाकठछपरा-रसूलपुर स्कूल की छात्रा निक्की कुमारी 400,किशुनपुर लौआर विद्यालय लहलादपुर के छात्र सुजीत कुमार रज्जक 415, छात्रा रिया कुमारी 395,प्रीति कुमारी 372,वीणा कुमारी 363, सिंकदर कुमार राम 350,मधु कुमारी 304, पंडित के रामपुर विद्यालय की सरेया कुमारी 400, नीरू कुमारी 399,प्रियांशु 385,करणदेव महतो 355 अंक प्राप्त कर अपने गांव और स्कूल का नाम रौशन किया है. इन छात्राओं ने अपने विद्यालय के शिक्षकों के साथ मिरर कोचिंग सेंटर के सेराजुद्दीन और कुंदन सर के भी सफलता हासिल करने में योगदान बताया.



## अभिभावक शिक्षक गोष्ठी मे बच्चों का दिया गया वार्षिक मूल्यांकन 2026 का रिपोर्ट कार्ड

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर (सारण)।** **प्रखंड** के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मंगोलापुर मठिया में सोमवार को अभिभावक शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वार्षिक मूल्यांकन 2026 के आधार पर छात्रों का रिपोर्ट कार्ड दिया गया।रिपोर्ट कार्ड के पहले सभी छात्रों की उपलब्धियों का क्रमवार जिक्र किया गया।बेहतर करने वालों को वरिष्ठ अभिभावकों व शिक्षा समिति के सचिव द्वारा पुरस्कृत किया गया।इसके पहले कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन करते हुए प्रधानाध्यापक अखिलेश्वर पांडेय ने बताया कि प्रवेश से प्रगति तक,विद्यालय और अभिभावक साथ-साथ थीम के साथ इस अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया है। उन्होने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य अभिभावकों की विद्यालय कार्यों में भागीदारी बढ़ाना,विद्यार्थियों के शैक्षिक विकास की जानकारी देना, सीखने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने हेतु परामर्श लेना,विद्यालय एवं समुदाय के बीच बेहतर तालमेल बनाना है। गोष्ठी के लिए विद्यालय को सुंदर ढंग से सजाया गया था।कक्षा एक से लेकर आठ तक के अव्वल आने वाले 24 छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। वही फरवरी तथा मार्च के लिए बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द मंथ का पुरस्कार छात्रा निशा कुमारी सातवीं कक्षा को दिया गया। वही बेहतर वर्ग का पुरस्कार सातवीं कक्षा को ही दिया गया इसके लिए वर्ग मॉनिटर श्रुति कुमारी को पुरस्कृत किया गया।विद्यालय की व्यवस्था में सहयोग देने के लिए आठवीं कक्षा के छात्र आदित्य तिवारी को सम्मानित किया गया।मौके पर शिक्षक विजय कुमार साह,धीरज तिवारी,अविनाश तिवारी,बलराम यादव अश्विनी कुमार सिंह,शाहनवाज हुसैन, सुधा देवी, वंदना कुमारी, अमृता कुमारी,निधि कुमारी, प्रभा देवी,नेहा कुमारी, पुष्पा देवी प्रेम कुमार पांडेय,राजकुमार साह सहित दर्जनों ग्रामीण भी उपस्थित थे।



## विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** स्थानीय बोर्ड मिडिल स्कूल के प्रांगण में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी आयोजित की गई। सोमवार को विद्यालय में आयोजित संगोष्ठी बैठक में उपस्थित अभिभावकों से बच्चों के शैक्षणिक उन्नयन के लिए सुझाव मांगे गए और प्रवेश से प्रगति तक की चर्चाएं हुई। जिसमें स्कूली बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कई जरूरी सुझाव भी दिया गया। अभिभावकों को अपने बच्चों के नियमित उपस्थिति, स्कूल ड्रेस, स्कूल डायरी का अवलोकन आदि पर विशेष ध्यान रखने के लिए सुझाया गया। वहीं छः साल के बच्चे के अधिक से अधिक नामांकन के लिए अभिभावकों भी प्रेरित किया गया। इस संबंध में प्रधानाध्यापक संदीप कुमार ने बताया कि सरकार के निर्देश पर अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित किया गया है। जिसमे प्रवेश से प्रगति तक की चर्चाएं हुई।इस मौके पर बड़ी संख्या में अभिभावक विद्यालय परिसर में पहुंचे थे। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय समिति की अध्यक्ष सोना देवी ने किया। जबकि कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक संदीप कुमार ने किया।



# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय मशरक में दो पालियों में पढ़ाई की मांग, महाराजगंज सांसद ने लोकसभा में उठाया मुद्दा

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** महाराजगंज (बिहार) से सांसद जनार्दन सिंह ÷सीग्रीवाल÷ ने लोकसभा में नियम-377 के तहत अपने संसदीय क्षेत्र से जुड़े एक अहम शैक्षणिक मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत स्थित पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, मशरक में बढ़ती छात्र संख्या और सीमित संसाधनों को देखते हुए दो पालियों (शिफ्ट) में पढ़ाई शुरू कराने की मांग की। सांसद ने सदन को अवगत कराते हुए कहा कि मशरक स्थित केन्द्रीय विद्यालय वर्तमान में केवल एक ही पाली में संचालित हो रहा है, जबकि उनका संसदीय क्षेत्र दो जिलों में फैला हुआ है और आबादी के दृष्टिकोण से काफी बड़ा है। ऐसे में क्षेत्र के हजारों अभिभावकों के सामने अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाना एक बड़ी चुनौती बन गई है।उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्र होने के बावजूद यहां के अभिभावकों में शिक्षा के प्रति जागरूकता तेजी से बढ़ी है और वे अपने बच्चों को बेहतर एवं मानक शिक्षा दिलाने के लिए प्रयासरत हैं। इस संदर्भ में केन्द्रीय विद्यालय मशरक एक भरोसेमंद और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण संस्थान के रूप में उभर कर सामने आया है। परिणामस्वरूप, हर वर्ष बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन इस विद्यालय में कराने के लिए प्रयास करते हैं, लेकिन सीमित सीटों के कारण कई योग्य छात्र-छात्राएं प्रवेश से वंचित रह जाते हैं। सांसद सीग्रीवाल ने यह भी कहा कि यदि विद्यालय में दो पालियों में कक्षाएं संचालित की जाएं, तो न केवल अधिक संख्या में बच्चों को प्रवेश का अवसर मिलेगा, बल्कि क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को भी मजबूती मिलेगी। इससे सरकारी शिक्षा व्यवस्था के प्रति लोगों का विश्वास और बढ़ेगा तथा निजी विद्यालयों पर निर्भरता भी कम होगी। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित 'पीएम श्री' योजना के तहत विद्यालयों में आधुनिक सुविधाओं, स्मार्ट क्लास, डिजिटल लर्निंग और समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ऐसे में मशरक के इस विद्यालय में दो पाली व्यवस्था लागू होने से इन सुविधाओं का लाभ अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक पहुंच सकेगा। अंत में सांसद ने माननीय अध्यक्ष के माध्यम से केंद्रीय शिक्षा मंत्री से आग्रह किया कि क्षेत्र की जनसंख्या, विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या और अभिभावकों की मांग को ध्यान में रखते हुए पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय मशरक में शीघ्र ही दो पालियों में पढ़ाई की व्यवस्था लागू की जाए, ताकि क्षेत्र के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त हो सके।




## नगरा में ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम हुआ मोबाइल बरामद, स्वामी को लौटाया

**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत नगरा थाना पुलिस को एक और सफलता मिली है.इसुआपुर क्षेत्र के सत्येंद्र सिंह के पुत्र पंकज कुमार का गुम हुआ मोबाइल फोन पुलिस द्वारा खोजकर उसे वापस सौंप दिया गया.जानकारी के अनुसार नगरा थाना पुलिस के प्रयास से मोबाइल को ढूंढा गया, जिसे एसआई प्रमोद कुमार सिंह के द्वारा उसके वास्तविक स्वामी पंकज कुमार को सौंपा गया.मोबाइल वापस मिलने पर पंकज कुमार ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया.वहीं इस संबंध में नगरा थानाध्यक्ष निर्भय कुमार ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम या चोरी हुए मोबाइल फोन को ट्रेस कर उनके स्वामियों को लगातार उनके मालिकों को लौटाया जा रहा है.उन्होंने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा,जिससे लोगों का पुलिस पर भरोसा और मजबूत हो रहा है.

## बुनियाद केन्द्र में नेत्र जांच विशेष शिविर का हुआ उद्घाटन




**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** स्थानीय बुनियाद केन्द्र में एक माह तक चलने वाला नेत्र जांच विशेष शिविर का उद्घाटन हुआ। सोमवार को मढ़ौरा रेफरल अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वीरेश कुमार, अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी रंजय कुमार, प्रखंड परियोजना प्रबंधक जीविका चंद्र प्रकाश व विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में उपस्थित दृष्टि दोष ग्रसित सभी उम्र के दर्जनों लाभुकों का निशुल्क नेत्र जांच किया गया। वहीं जरूरतमंद लोगों को निशुल्क चश्मा भी दिया जायेगा। बुनियाद केन्द्र के प्रबंधक ओम प्रकाश ने बताया कि इसके प्रचार प्रसार हेतु सभी आंगनबाड़ी केन्द्र सेविका, सहायिका, ग्रामीण व नगर विकास मित्र, पंचायत प्रतिनिधि, आशा दीदी, जीविका दीदी, एएनएम समेत सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से प्रचार प्रसार किया जाएगा और दृष्टिदोष ग्रसित रोगियों को केंद पर लाने में सहयोग लिया जाएगा। उक्त शिविर के उद्घाटन के मौके पर विकास मित्र, सेविका सहायिका, आशा, जीविका दीदी सहित अन्य लोग भी दर्जनों की संख्या में उपस्थित रहे।

## कोर्ट में पेशी के दौरान झपटा मार बंदी हुआ फरार, जवानों ने पकड़ा

**परवेज अख्तर/सिवान।** कोर्ट में पेशी के दौरान सोमवार को झपट्टा मारकर एक बंदी भागने लगा। जिसे पुलिस के जवानों ने दौड़कर नगर परिषद के समीप से पकड़ लिया। इसके बाद उसे कोर्ट में पेशी के लिए लेकर चले गए। मिली जानकारी के अनुसार जीबी नगर थाना क्षेत्र के हजपुरवा गांव निवासी लालबाबू राम को शराब मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया था। सोमवार को कागजी कार्रवाई पूरी कर उसे कोर्ट में पेश करने के लिए ले जाया जा रहा था,जैसे ही पुलिस जवान आरोपित को लेकर कोर्ट की सीढ़ियां चढ़ा रहा था, लालबाबू राम ने अचानक झपट्टा मारकर पुलिस से हाथ छुड़ाकर भागने लगा। इसके बाद पुलिस जवान उसके पीछे दौड़ने लगे। जहां भागते हुए आरोपित नगर परिषद गेट के समीप गिर पड़ा। पुलिस ने उसे तुरंत पकड़ लिया और मौके पर ही जमकर धुनाई कर दी। इसके बाद आरोपित को कोर्ट में पेश किया गया। पूछताछ में लालबाबू राम ने कहा कि मैं सिर्फ शराब पीने का आरोपित हूं, लेकिन पुलिस ने मुझे जबरन शराब तस्कर बना दिया।

## हुसैनगंज में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का हुआ आयोजन

सिवान। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत हुसैनगंज प्रखंड के ग्राम हथौड़ा में सोमवार को आयोजित कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके विचारों को स्मरण करते हुए राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को श्रद्धापूर्वक नमन किया। जिलाध्यक्ष ने अपने संबोधन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि संगठन का हर कार्यकर्ता इन विचारों को आत्मसात कर समाज सेवा में जुटा है।कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यशाला में कार्यकर्ताओं का उत्साह, समर्पण और संगठन के प्रति प्रतिबद्धता देखने योग्य रही। इस अवसर पर धनंजय सिंह, अनुरंजन मिश्रा, सुशीला देवी, विजय चौधरी, दीपू सिंह चंदेल, सहित जिला एवं मंडल के कई पदाधिकारी, पंचायत अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाई।

## जंक्शन का पुनर्विकास कार्य धीमा होने से यात्रियों को हो रही परेशानी

**परवेज अख्तर/सीवान/**अमृत भारत योजना के तहत सिवान जंक्शन को 32.13 करोड़ की लागत से पुनर्विकसित कर अत्याधुनिक बनाया जा रहा है। इन परियोजनाओं का निर्माण कार्य मार्च 2026 तक पूरा होना है, लेकिन दो साल बीतने के बाद भी आधा कार्य भी पूरा नहीं हो सका है। धीमी गति से चल रहे निर्माण कार्य के कारण यात्रियों को भारी असुविधा का सामान करना पड़ रहा है। निर्माण एजेंसी ने जंक्शन के सर्कुलेटिंग एरिया से लेकर प्लेटफार्म तक जगह-जगह खुदाई की है। जिससे यात्री से लेकर पदाधिकारी परेशान है। यात्रियों को ट्रेनों में चढ़ने व उतरने में खासी परेशानी हो रही है। वहीं हर स्थानों पर निर्माण सामग्री को बेतरतीब ढंग से रखी गई है। बता दें कि 26 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से रेल परियोजनाओं का शिलान्यास किया था।योजना के अंतर्गत विकसित की जाएंगी सुविधाएंबता दें कि 2.54 करोड़ की लागत से जंक्शन के सर्कुलेटिंग एरिया, संपर्क मार्ग, पानी की निकासी के साथ पैदल आने जाने वाले यात्रियों के लिए पाथवे का निर्माण कराया जा रहा है। वहीं 5.62 करोड़ की लागत से स्टेशन भवन के बाहरी स्वरूप में सुधार एवं पोर्च निर्माण होगा। जबकि 14.30 करोड़ की लागत से प्लेटफार्मों का उच्चीकरण, प्लेटफार्मों पर शेड विस्तार, सरफेस में सुधार का कार्य भी कराया जा रहा है। 43 लाख की लागत से जंक्शन के (सेकेंड एंट्री) द्वितीय प्रवेश द्वार का निर्माण, 10 लाख खर्च कर जंक्शन पर अन्य सुधार एवं सुंदरीकरण के कार्य कराए जाएंगे। वहीं 60 लाख खर्च कर बुकिंग कार्यालय अनारक्षित एवं आरक्षित टिकट काउंटरों के साथ उसका नवीनीकरण, 46 लाख की लागत से जंक्शन पर कैफेटेरिया का निर्माण किया जाएगा।

## शराब जांच का झांसा देकर 24 हजार रुपए की ठगी

दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)। मशरक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में एक व्यक्ति को झांसा देकर 24 हजार रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया। पीड़ित मशरक नगर पंचायत के पश्चिम टोला गांव निवासी सुदीश सिंह पिता स्व रामकृपाल सिंह ने बताया कि वे स्टेशन रोड के सेन्ट्रल बैंक से 24 हजार रुपए आवश्यक कार्य के लिए निकाले और पाकेट में रख घर के लिए चलें, उसी दौरान अस्पताल चौंक पर एक व्यक्ति पहुंचा और जान पहचान का झांसा देकर अस्पताल परिसर में लेकर चला गया और तभी एक व्यक्ति मास्क लगाएं पहुंचा और शराब जांच के बहाने, दोनों व्यक्ति ने 24 हजार रुपए झांसा देकर लेकर फरार हो गए। मौके पर पुलिस को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गयी।

## छपरा से जम्मूतवी के लिए ग्रीष्मकालीन एक्सप्रेस, मशरक जंक्शन पर ठहराव नहीं

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 05193 /05194 छपरा-जम्मूतवी-छपरा ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 05193 छपरा-जम्मूतवी साप्ताहिक एक्सप्रेस छपरा 06 अप्रैल से 13 जूलाई तक प्रत्येक सोमवार को तथा गाड़ी संख्या 05194 जम्मूतवी-छपरा साप्ताहिक एक्सप्रेस 08 अप्रैल से 15 जुलाई तक प्रत्येक बुधवार को 15 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। गाड़ी संख्या 05193 छपरा-जम्मूतवी साप्ताहिक एक्सप्रेस छपरा 06 अप्रैल से 13 जूलाई तक प्रत्येक सोमवार छपरा से 14.00 बजे प्रस्थान कर छपरा कचहरी से 14.12 बजे, दिघवा दुबौली 15.34 बजे, थावे से 17.05 बजे, पडरौना से 18.10 बजे, कप्तानगंज से 19.35 बजे, गोरखपुर से 20.55 बजे, बस्ती से 21.59 बजे, गोण्डा से 23.25 बजे छूटकर दूसरे दिन सीतापुर से 03.10 बजे, शाहजहांपुर से 05.00 बजे, बरेली से 05.57 बजे, मुरादाबाद से 07.58 बजे, लक्सर से 09.46 बजे, रुड़की से 10.14 बजे, सहारनपुर से 11.30 बजे, यमुनानगरी जगाधरी 11.59 बजे, अम्बाला कैण्ट से 12.55 बजे, लुधियाना से 14.33 बजे, जालंधर कैण्ट 15.30 बजे, पठानकोट कैण्ट 19.00 बजे, कठुआ से 19.32 बजे छुटकर 23.00 बजे जम्मूतवी पहूँचेगी।वापसी यात्रा में गाड़ी संख्या 05194 जम्मूतवी-छपरा साप्ताहिक एक्सप्रेस 08 अप्रैल से 15 जूलाई तक प्रत्येक बुधवार को जम्मूतवी से 01.20 बजे प्रस्थान कर कठुआ से 02.22 बजे, पठानकोट कैण्ट से 03.00 बजे, जालंधर कैण्ट से 05.00 बजे, लुधियाना से 06.00 बजे, अम्बाला कैण्ट से 08.25 बजे, यमुनानगरी जगाधरी 09.20 बजे, सहारनपुर से 10.50 बजे, रुड़की से 11.42 बजे, लक्सर से 12.07 बजे, मुरादाबाद 15.30 बजे, बरेली से 17.02 बजे, शाहजहांपुर से 18.30 बजे, सीतापुर से 20.25 बजे, गोण्डा से 23.35 बजे छूटकर दूसरे दिन बस्ती से 01.05 बजे, गोरखपुर से 02.35 बजे, कप्तानगंज से 03.32 बजे, पडरौना से 04.12 बजे,थावे से 06.00 बजे, दिघवा दुबौली से 06.57 बजे, छपरा कचहरी से 08.35 बजे छूटकर 09.15 बजे छपरा जंक्शन पहुंचेगी। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 05, साधारण द्वितीय श्रेणी के चेयरकार 03, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 06, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 02 तथा एस.एल.आर. डी के 01 तथा जेनरेटर सह लगेज यान के 01 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

## मैट्रिक परीक्षा में उत्सव कुमार ने लहराया परचम, 415 अंक लाकर किया नाम रौशन

**दैनिक खोज खबर/गड़खा (सारण)।** जिले के बसंत क्षेत्र के रहने वाले उत्सव कुमार मांझी ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की मैट्रिक परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 415 अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी (1st Division) हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे गांव और प्रखंड का नाम रोशन हुआ है। उत्सव कुमार, सेवा निवृत्त शिक्षक राम नाथ मांझी के पोते हैं। उनके पिता विनय कुमार मांझी दिल्ली में एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता नमिता देवी जीविका समूह से जुड़ी हुई हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उत्सव ने अपनी मेहनत और लगन से यह सफलता हासिल की है।परिवार में खुशी का माहौल है। उनके चाचा पन्ना लाल मांझी, हीरा लाल मांझी, आशुतोष मांझी और अशोक मांझी ने उत्सव की इस सफलता पर गर्व जताते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।उत्सव की इस उपलब्धि से क्षेत्र के अन्य छात्र-छात्राओं को भी प्रेरणा मिलेगी। गांव के लोगों ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया और इसे पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण बताया।

## सारण सांसद रूडी का जन्मदिन कोनहवा दलित बस्ती में धूमधाम से मनाया गया



**दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)।** सारण सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी का जन्मदिन सोमवार को दरियापुर प्रखंड के बारवे पंचायत स्थित कोनहवा वार्ड 14 दलित बस्ती में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस मौके पर भाजपा नेता एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ स्थानीय लोगों के बीच कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम वार्ड सदस्य नुनु मांझी के आवास पर आयोजित किया गया, जहां महिलाओं और बच्चों के बीच केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। इसके बाद उपस्थित लोगों के बीच केक, मिठाई और बिस्कुट का वितरण किया गया।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मोनू सिंह, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष सुमंत बाबा, समाजसेवी अर्जुन सिंह, विकास सिंह, अनुज सिंह, सुधाकर सिंह, कन्हैया सिंह, सत्येंद्र सिंह, अमन तिवारी, राकेश यादव, टोनू सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। जन्मदिन समारोह के दौरान पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल देखने को मिला। उपस्थित सभी लोगों ने सांसद राजीव प्रताप रूडी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं।

## सम्पन्न हुआ भाजपा का दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण



**दैनिक खोज खबर/मढौरा(सारण)।** भाजपा का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण मढौरा पूर्वी मंडल के बिक्रमपुर ठेकही में सोमवार को सम्पन्न हो गया। प्रशिक्षण के दुसरे दिन प्रशिक्षण वर्ग का संचालन हुआ। भाजपा कार्यकर्ता तेजनारायण सिंह के आवास पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन जिलाध्यक्ष रणजीत सिंह ने कार्यकर्ताओं के बीच अपनी बात रखी। इस दौरा?न ओबीसी जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष बलराम तिवारी, श्याम नंदन विद्रोही और मंडल अध्यक्ष अम्बिका मांझी उपस्थित थे। वंदे मातरम गायन के बाद दूसरे दिन के छठें सत्र में अनिल श्रीवास्तव ने अपनी बात रखी। श्याम नंदन विद्रोही ने भाजपा बूथ मैनेजमेंट और प्रधानमंत्री मन की बात पर विस्तृत रुप से चर्चा की। सातवें सत्र मे जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने सबसे पिछड़े वर्ग के लोगों के विकास की अवधारणा दी है। कहा कि अत्योदय का मतलब ही है समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास। उन्होंने कार्यकर्ताओं को इस सिद्धांत को अपनाकर समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए काम करने का आह्वान किया।

## शव यात्रा वाली बस पलटी, जख्मी दो को मौत

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** रविवार की शाम लेरुआ गांव से डोरिगंज श्मशान घाट के लिए बस से निकली मंजिल (शव यात्रा) खैरा थाना क्षेत्र के रामापुर कला गांव के समीप ट्रैकर से टकरा कर पलट गई। जिसमें दो लोगों की मौत और आधे दर्जन से अधिक लोग जख्मी हो गए। मिली जानकारी के अनुसर मढ़ौरा थाना क्षेत्र के लेरुआ गांव निवासी स्वर्गीय राम इकबाल सिंह की 70 वर्षीय पत्नी लाल झाड़ी देवी की हृदय गति रोकने के कारण मौत हो गई थी, जिसे ग्रामीणों ने अंतिम संस्कार के लिए बस से डोरीगंजघाट पर अंतिम संस्कार के लिए ले जा रहे थे। इसी दौरान रविवार की देर शाम लगभग साढ़े नौ बजे के आसपास खैरा रामपुर के समीप मढ़ौरा खैरा मुख्य मार्ग पर अनियंत्रित ट्रैक्टर से बस की टक्कर में बस पलट गई और बस में सवार 8- 10 लोग घायल हो गए। घायल लोगों में 65 वर्षीय शिवाजी सिंह उर्फ चूल्हन सिंह का सदर अस्पताल छपरा में इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि एक अन्य गंभीर जख्मी अनिल सिंह को सदर अस्पताल छपरा से पटना पीएमसीएच रेफर किया गया था, उनकी भी भी इलाज के दौरान सोमवार की सुबह मौत हो गई। शेष आठ लोगों का सदर अस्पताल छपरा में अभी भी इलाजरत है। घायलों में श्रीकांत सिंह मुन्ना कुमार राय, यीशु कुमार दीपक कुमार सहित अन्य बताए जा रहे हैं।

## बुनियादी विद्यालय में समरसेबुल मोटर पंप की चोरी

**दैनिक खोज/मढ़ौरा (सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के अगहरा गांव स्थित बुनियादी विद्यालय से समरसेबुल मोटर पंप चोरी की घटना प्रकाश में आया है। उक्त संबंध में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्या ने गौरा थाना में आवेदन देकर चोरी की घटना की जानकारी दी है। मामले में बताया गया है कि शनिवार को विद्यालय बंद हो जाने के बाद अगले दिन रविवार को अवकाश दिवस था। लेकिन सोमवार को विद्यालय खुलने पर ज्ञात हुआ कि स्कूली बच्चों के पानी पीने वाले बोरिंग का पाइप काटकर सरसेबुल पंप की चोरी कर ली गई है। बता दें कि विद्यालय द्वारा तीन दिन पहले धातु के छः नल चोरी की शिकायत थाने को दी गई थी और अब तीन दिन बाद समरसेबुल पंप चोरी की बात बताई जा रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी सिमरन कुमारी ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है, एफआईआर दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

## चोरों ने बंद घर से की लाखों की चोरी

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के बहुआरापट्टी में भाजपा नेता रामबाबु सिंह समेत तीन लोगों के घर को चोरों ने निशाना बनाकर लाखों की सम्पति चोरी कर ली। चोरों ने घर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया और आसानी से मौके से फरार होने में सफल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की है और मामले में थानाध्यक्ष अजय कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दिया है। बहुआरापट्टी निवासी भाजपा के विधानसभा संयोजक रामबाबु सिंह, बिन्द बहुआरा निवासी भृगुनाथ सिंह समेत तीन लोगों के घरों में ताला तोड़कर चोरी की घटना हुई है। इस संबंध में भाजपा नेता ने बताया कि वे फिलहाल छपरा प्रभुनाथ नगर के घर में रहते है अपने पैतृक घर पर आना जाना कम रहता है। इस दौरान अपराधियों ने उनके बंद घर का ताला तोड़कर बक्सा व पेटी से साड़ी, कपड़े, बर्तनों के साथ दस हजार रुपये नकद भी चोरी कर ली। वहीं बिन्द बहुआरा निवासी भृगुनाथ सिंह के पुत्र गणेश सिंह ने बताया कि उनलोगों का पुरा परिवार कोलकाता में रहता हैं। उन्हे ग्रामीणों से सूचना मिली की उनके घर में चोरी हुई है। आने पर पता चला कि चोरों ने गहने व कीमती कपड़े आदि की चोरी कर ली है। गृहस्वामियों ने चोरी गए समान का मुल्य लाखों रूपया बताया है।

## कार्य में लापरवाही पर हटाए गए असांव थानाध्यक्ष

**परवेज अख्तर/सिवान।** पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने क्षेत्र में फायरिंग की घटना में लापरवाही बरतने के आरोप में असांव थानाध्यक्ष सह पुलिस अवर निरीक्षक रंजीत कुमार साह को निलंबित कर दिया है। वहीं असांव थाना में पुलिस अवर निरीक्षक संतोष कुमार को नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। इस संबंध में एसपी ने बताया कि 27 मार्च को असांव थाना क्षेत्र में हुई फायरिंग की घटना हुई थी, जिस संदर्भ में 28 मार्च को मेरे एवं विधि-विज्ञान प्रयोगशाला द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। उक्त घटना के संबंध में असांव थाना कांड संख्या-59/26 प्राथमिकी की गई है। घटनास्थल के निरीक्षण के पश्चात पुनः रात्रि में बदमाशों द्वारा वादी के घर पर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया। असांव थानाध्यक्ष द्वारा इस गंभीर घटना को उचित प्राथमिकता न देते हुए वरीय पदाधिकारी को सूचना नहीं दी गई तथा इस संबंध में न ही कोई एफआइआर की गई साथ ही वादी के परिवारजनों की सुरक्षा हेतु कोई उचित प्रयास नहीं किया गया। इस संदर्भ में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, मैरवा द्वारा की गई समीक्षा में थाना स्तर पर कार्रवाई में लापरवाही, कर्तव्यहीनता एवं मनमानी पाई गई। उक्त के आलोक में असांव थाना के थानाध्यक्ष सह पुअनि रंजीत कुमार साह को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय पुलिस केंद्र निर्धारित किया गया है। इस दौरान जिलान्तर्गत असांव थाना के थानाध्यक्ष के पद रिक्त रहने के कारण बेहतर विधि-व्यवस्था संधारण, अपराध नियंत्रण एवं बेहतर प्रशासनिक सुगमता हेतु पुलिस अवर निरीक्षक संतोष कुमार-2018, बड़हरिया थाना को थानाध्यक्ष असांव थाना के पद पर पदस्थापित किया गया है एवं अविलंब अपने नव पदस्थापन स्थल पर योगदान कर योगदान प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# प्रगति पत्रक वितरण सह अभिभावक शिक्षक गोष्ठी का आयोजन

## परीक्षा परिणाम पाकर बच्चों के चेहरे खिले

दैनिक खोज खबर/पानापुर ( सारण ) सोमवार को थानाक्षेत्र के सभी सरकारी विद्यालयों में विभागीय आदेश के आलोक में वर्ग 1 से 8 तक छात्र छात्राओं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।इस अवसर पर सभी विद्यालयो में अभिभावक शिक्षक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया।तथा हर्षोल्लास के साथ उत्साह पूर्वक छात्र छात्राओं के बीच प्रगति पत्रक का वितरण किया गया।इस अवसर पर विद्यालय को बैलून आदि से सजाया गया तथा रंगमहल, साउण्ड की भी व्यवस्था की गई थी।इस मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधि व शिक्षको ने छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते आगे बढ़ने का सुझाव दिया। अभिभावक भी इस प्रकार की व्यवस्था से काफी प्रभावित व खुश दिखे। परीक्षा परिणाम पाकर बच्चो के चेहरे खिले हुए थे।इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय चिमनपुरा में सभी वर्गों के उत्कृष्ट पांच छात्रों को मेडल, सामान्य ज्ञान की पुस्तक,कलम पूर्व मुखिया रामपुकार राय के द्वारा देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय की शिक्षिका मंजू कुमारी, रेणु कुमारी,बसंति देवी व दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।



## मैट्रिक परीक्षा में मशरक के छात्र छात्राओं ने लहराया परचम , लोगों ने दी बधाई

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जारी 10 वी बोर्ड परीक्षा में मशरक के छात्र छात्राओं ने अव्वल प्रदर्शन कर ग्रामीण प्रतिभा का लोहा मनवाया हैं। मठिया गांव से निकला एक होनहार छात्र जो श्री अवध हाई स्कूल चैनपुर चरिहारा का छात्र है। आर्थिक रूप से साधारण परिवार में पले बढ़े धनंजय कुमार के पिता वकील राय बिजली में काम करके परिवार का भरण पोषण करते हैं। धनंजय ने सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी मेहनत और लगन के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अक्षय कुमार ने 459 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से सर्वोच्च स्थान हासिल किया। वहीं रौशन कुमार ने 452,धनजंय ने 423 अंक प्राप्त किया। अवध उच्च विद्यालय चैनपुर के छात्र विवेक प्रसाद ने 472 अंक पा इंजीनियर बनना चाहता है। मशरक उच्च विद्यालय की छात्रा रिया गुप्ता 459 अंक लाकर शिक्षिका बनना चाहती है। आलोक कुमार 452 अंक, प्रीति कुमारी 442, सोनम कुमारी को 442 अंक, तनु कुमारी 436 अंक, अंकित कुमार 431, आंचल कुमारी 368 अंक, सागरिका कुमारी 363 अंक, चिंकी सिंह 429 अंक प्राप्त कर अपने परिजनों एवं क्षेत्र का नाम रौशन किया है। मशरक प्रखंड के दर्जन भर स्कूल के दर्जनों छात्र छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षा व्यवस्था की मजबूती पर विश्वास जताते हुए अपने उड़ान को पंख दिया है। परिजनों में जहां खुशी है वही स्कूल प्रशासन भी परिणाम को लेकर संतुष्ट है।

## परीक्षाफल वितरण सह शिक्षक- अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

**सिवान।** महाराजगंज प्रखंड के लेरूआ स्थित राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सोमवार को परीक्षाफल वितरण सह शिक्षक- अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय शिक्षा समिति की अध्यक्ष रेहाना खातून ने की। इस मौके पर प्रधानाध्यापक शकीर अहमद, अभिभावक जनक प्रसाद, अनीता देवी, सविता देवी, दरोगा यादव, मुन्नालाल ठाकुर, कुंती देवी आदि शिक्षक व अभिभावक उपस्थित थे।

## महिला शव बरामद मामले में चौकीदार ने कराई प्राथमिकी

**दारौंदा (सिवान)।** दारौंदा थाना क्षेत्र के सहदौली गांव के चंवर स्थित एक गड्ढे से 28 मार्च की रात अज्ञात महिला का शव बरामद होने के मामले में हत्या कर साक्ष्य छुपाने की आशंका जताई जा रही है। इस मामले में स्थानीय चौकीदार सरोज कुमार यादव के बयान पर प्राथमिकी की गई है। प्राथमिकी के अनुसार, चौकीदार सरोज कुमार यादव 28 मार्च की शाम संध्या ड्यूटी के दौरान डिब्बी बाजार में मौजूद थे। इसी दौरान कुछ लोगों से उन्हें जानकारी मिली कि सहदौली गांव के चंवर में एक गड्ढे में महिला का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही उन्होंने तत्काल दारौंदा थाना को सूचित किया और मौके पर पहुंचे। थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू पर जांच की जा रही है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में भी छानबीन कर रही है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है।

## विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित

**दरौली(सिवान)।** दरौली प्रखंड राजकीय आदर्श कन्या मध्य विद्यालय दरौली परिसर में सोमवार को विदाई सह सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान श्याम लाल जैन उच्च विद्यालय के शिक्षक चंदन कुमार सर को विशेष रूप से सम्मान प्रदान करने हेतु आमंत्रित किया गया। यह विद्यालय एवं क्षेत्र के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि चंदन सर के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय प्रखंड एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। इसी क्रम में विज्ञान दिवस प्रतियोगिता में पूरे बिहार राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली छात्र परवेज रजा को मंच पर सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। साथ ही बिहार दिवस के अवसर पर आयोजित मैथ्स ओलंपियाड में राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रतिभाशाली छात्रा साधना श्रीवास्तव को भी पुरस्कार दिया गया। यह सम्मान समारोह केवल पुरस्कार वितरण तक सीमित नहीं रहा बल्कि यह विद्यार्थियों की मेहनत शिक्षकों के समर्पण और विद्यालय परिवार की प्रेरणादायक शैक्षिक यात्रा का उत्सव बन गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अवधेश यादव,मुखिया लालबहादुर कुशवाहा, बच्चा प्रसाद, सुबोध समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## जनगणना को ले दिया जाएगा प्रखंड स्तर पर प्रशिक्षण

**हसनपुरा(सिवान)।** प्रखंड अंतर्गत होने वाली जनगणना को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। प्रखंड व नपं के छट्ठू राम, विजय साह, अब्दुरहमान अंसारी, विजय कुमार, अजीत यादव, आफताब आलम, कमलेश कुमार राम अन्य फील्ड मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण जिले के बीएम हाई स्कूल में 23 से 29 मार्च तक हुआ था। ये कर्मी प्रखंड व नगर पंचायत में होने वाली जनगणना का प्रशिक्षण देने का कार्य करेंगे।

## भूंजा बेचने वाले को डरा मोबाइल व रुपये छीने

**गोरेयाकोठी ( सिवान )।** जामो बाजार थाना क्षेत्र के मांझी-बरौली हाइवे पर स्थित गंडक कार्यालय के पास बदमाशों ने ठेला पर भूंजा बेचने वाले स्थानीय निवासी रमेश कुमार महतो को डराकर मोबाइल व पांच हजार रुपए छीन लिए। पीड़ित ने थाने में दिए आवेदन में कहा है कि रविवार की रात साढ़े ग्यारह बजे के करीब वह गोपालगंज जिले के एक मेले से लौटकर गंडक कार्यालय के पास पहुंचा। एक ही बाइक पर सवार तीन युवकों ने रास्ता पूछने के बहाने उसे रोक लिया। मौका देख मोबाइल व पैसे छीन लिए। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि आवेदन मिलने के बाद घटनास्थल पहुंच जानकारी ली गई। मामले में जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रक व पिकअप की टक्कर में छह घायल, भर्ती

**सिवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के करमली हाता गांव के समीप सोमवार को ट्रक और पिकअप की आमने-सामने की टक्कर में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में ट्रक चालक गोपालगंज जिले के भोरे थाना क्षेत्र के नदवा गांव निवासी संजय यादव और पिकअप में सवार सारण जिले के खैरा थाना क्षेत्र के गंगसरवटी गांव निवासी रवि कुमार, राजकुमार, हरेंद्र राय, पार्वती देवी और ममता देवी शामिल हैं। घटना के संबध में पिकअप में सवार घायलों ने बताया कि हम लोग छपरा से पूजा करने के लिए गोपालगंज के थावे मां भवानी मंदिर में गए हुए थे। पूजा पाठ करने के बाद हम लोग अपने पिकअप में सवार होकर कुल 18 व्यक्ति अपने घर के लिए निकल पड़े। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के करमली हाता गांव के समीप हाइवे पर पहुंचे थे, तब तक एक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने पहले एक इनोवा को हल्की ठोकर मारी, इसके बाद ओवरटेक करने के दौरान एक टेलर को भी रगड़ डाला। इसके बाद हम लोगों के पिकअप में धक्का मार दी। इसमें हम पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया है। इसमें सवार चालक भी घायल हो गया। आनन फानन में स्थानीय लोगों ने हम लोगों को बाहर निकाला। इसके बाद इसकी सूचना किसी ने पुलिस को दी और पुलिस मौके पर पहुंच सभी घायलों और ट्रक चालक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सभी का इलाज चल रहा है। वहीं ट्रक चालक संजय यादव का कहना है कि मैं छपरा से बालू लेकर भोरे जा रहा था। इसी दौरान यह घटना हुई है। जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रक चालक काफी तेज रफ्तार में था, जैसा प्रतीत हो रहा था कि वह काफी नशे में है और वाहनों को ठोकर मारता गया। जहां अंत में पिकअप में भी ठोकर मार डाला। इधर पुलिस वाहन को जब्त कर आगे कार्रवाई में जुटी हुई है।

## आपराधिक इतिहास की मांग

**सिवान।** जिला व अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम की अदालत ने सोमवार को पिस्टल व गोली के साथ पकड़ाए युवक की जमानत अर्जी की सुनवाई करते हुए उसकी आपराधिक इतिहास की मांग की और सुनवाई की अग्रिम तिथि आठ अप्रैल निर्धारित की। आरोपित पचरूखी थाना क्षेत्र के मंद्रापाली निवासी दिलशाद अली है। उसे दो मार्च की सुबह पुलिस ने रेलवे स्टेशन की तरफ से आने के दौरान हथियार के साथ पकड़ा था।

## मैट्रिक परीक्षा में बच्चों ने लाए अच्छे नंबर, आगे की तैयारी में जुटे



**दैनिक खोज खबर/सिवान।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा रविवार को जारी मैट्रिक परीक्षा 2026 के परिणामों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती। इस वर्ष के नतीजों में ग्रामीण इलाकों के विद्यार्थियों ने शहरी क्षेत्र के चमक-धमक वाले स्कूलों को पीछे छोड़ते हुए बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय सहित क्षेत्र व परिवार का नाम रोशन किया है। शहर निवासी मोहम्मद सलाउद्दीन की पुत्री सदफ परवीन ने 439 अंक लाकर जहां विद्यालय सहित क्षेत्र को गौरवांवित करने का कार्य किया है, वहीं दूसरी ओर आगे की पढ़ाई की तैयारी में जुट गई है। हुसैनगंज के उच्च माध्यमिक विद्यालय पूर्वी हरिहांस के छात्र हरिहांस निवासी अंकित कुमार यादव ने 484 अंक हासिल कर पूरे जिले में नाम रोशन किया है। जबकि छात्रों में खोदाईबारी की अक्सा परवीन ने 480 अंक लाकर जिले में चौथा रैंक हासिल की है। वहीं जीरादेई प्रखंड के पुखड़ेरा निवासी अवकाश प्राप्त प्राचार्य सुरेंद्र सिंह की पोती तथा शिक्षक ओमप्रकाश सिंह की पुत्री दिव्या कुमारी ने मैट्रिक की परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हो क्षेत्र एवं परिवार का नाम रौशन की है। उसे मैट्रिक की परीक्षा में 420 अंक हासिल हुए हैं। वह उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिलासपुर की छात्रा है। शहर के नई बस्ती महादेवा निवासी प्रदीप कुमार पासवान के पुत्र हर्षित राज 425 अंक लाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

## गैस सिलेंडर की कालाबाजारी के मामले में हुई प्राथमिकी

**सिवान।** मैरवा थाना की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गैस सिलेंडर की कालाबाजारी के मामले में प्राथमिकी की है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 29 मार्च को मैरवा थाना को ग्रामीणों द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि लंगडपुरा में एक व्यक्ति द्वारा एक मोटरसाइकिल पर तीन गैस सिलेंडर कालाबाजारी की नियत से ढुलाई की जा रही है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मैरवा थाना पुलिस टीम द्वारा संदर्भित स्थल पहुंचकर उक्त मोटरसाइकिल एवं तीन गैस सिलेंडर को जब्त किया गया। जब्त सिलेंडर को बीसीएंडसी गैस एजेंसी के संचालक को अगले आदेश तक सुरक्षित रखने हेतु सुपुर्द किया गया। इस संबंध में प्राप्त आवेदन के आधार पर मैरवा थाना में धारा 7 ईसी एक्ट के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर विधिवत अनुसंधान प्रारंभ कर दिया गया है।

## विशेष अभियान के दौरान चोरी की बाइक व शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

**सिवान।** जिलान्तर्गत विशेष अभियान में वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल व शराब बरामद पुलिस ने बरामद कर तीन अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर 28 मार्च को जिलान्तर्गत अपराध नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान वाहन चेकिंग के क्रम में नौतन थाना अंतर्गत चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद करते दो अभियुक्त मैरवा थाना क्षेत्र के छोटका मांझा निवासी अंकित ठाकुर व आशुतोष कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया। वहीं जीबी नगर थाना अंतर्गत चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद कर एक अभियुक्त पचरूखी थाना क्षेत्र के मद्रापाली निवासी कृष्णा प्रसाद को गिरफ्तार किया गया। बताया कि इसके अतिरिक्त वाहन चेकिंग के क्रम में नगर थाना द्वारा 154 लीटर देशी शराब, जीबी नगर थाना द्वारा 144 लीटर देसी शराब, सिसवन थाना द्वारा 44.640 लीटर शराब तथा एमएच नगर थाना द्वारा 15 लीटर शराब बरामद किया गया।

## अधिवक्ता ने इसुआपुर थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** इसुआपुर थाने के चांदपुरा गांव के अधिवक्ता अफाक अली सिद्दीकी ने इसुआपुर थाने में एक प्राथमिक की दर्ज कराई है. जिसमें उन्होंने अपने ही गांव के अब्दुल खालिद सिद्दीकी, वसीम अहमद सिद्दीकी, हसन सिद्दीकी ,मुजम्मिल हुसैन उर्फ चिंटू ,हामिद अली सिद्दीकी, तौफीक खालिद सिद्दीकी,एजाज अली सिद्दीकी आदि पर उनके साथ जान से मारने की नियत से मारपीट करने का आरोप लगाया है.साथ ही उनके पॉकेट से 15 हजार रुपये निकाल लेने की बात कही है. उन्होंने लिखा है कि जब वे घर से छपरा न्यायालय के लिए अपनी कार से जा रहे थे तभी रास्ते में गांव के कब्रिस्तान के पास उपरोक्त लोगों ने उन्हें घेर लिया तथा उनके साथ मारपीट करने लगे. लेकिन उनके ड्राइवर ने उन्हें बचा लिया. पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर रही है.तथा मामले कि जांच कर रही है.

## हत्या के मामले में दोषसिद्धि दो को सुनाई गई सजा

**परवेज अख्तर/सिवान।** न्यायालय ने हत्या के मामले में दोषसिद्धि दो अभियुक्तों को सजा सुनाई है। दोनों पर आजीवन कारावास एवं 13 हजार रुपया का अर्थदंड लगाया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 27 जून 2019 को एमएच नगर थाना क्षेत्र में पियाउर ग्राम में कुछ बदमाशों द्वारा अली अहमद उर्फ गुलाम रवानी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिस संबंध में एमएच नगर थाना कांड संख्या-190/16 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ की गई। उक्त मामले में जिला पुलिस द्वारा वैज्ञानिक एवं तकनीकी अनुसंधान करते हुए साक्ष्य संकलित कर न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। साथ ही विशेष लोक अभियोजक ब्रजकिशोर प्रसाद के सहयोग से उक्त मामले का ट्रायल न्यायालय पटना में पूर्ण किया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-26 पटना, विवेक राय की अदालत में अभियुक्त थाना क्षेत्र के पियाउर निवासी अबरे आलम एवं फारूख मियां को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं 13 हजार रुपया अर्थ दंड की सजा सुनाई गई। अर्थदंड की राशि नहीं जमा करने पर सात माह अतिरिक्त कारावास की सजा देय है।

## उपमुखिया के 90 वर्षीय दादी का अकस्मात निधन



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के अवारी पंचायत के उप मुखिया राजन सिंह के दादी का अकस्मात निधन हो गया। सोमवार को 90 वर्षीय सीता कुंवर के निधन की खबर फैलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी। उनके पैतृक गांव अवारी में पार्थिव शरीर के अन्तिम दर्शन के लिए दर्जनों लोगों ने पहुंच शव यात्रा में शामिल हुए। विपदा की घड़ी में पहुंचे लोगों ने परिजनों को लोगों ढाढस बंधाया और पुण्यात्मा के चीर शांति की प्रार्थना की। सीता कुंवर के निधन पर मढ़ौरा विधायक जितेन्द्र राय, मुखिया प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह, युवा समाजसेवी सुधीर सिंह समेत कई अन्य गणमान्य लोगों संवेदना प्रकट किया।

